तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 31 अगस्त 2026



11 भाटापारा में राम सप्ताह व शोभायात्रा को लेकर...





12 संस्कृति को सहेजने की अनूठी पहल : संदीप साहू







B.M. COLLEGE
(हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबद्ध)
•BA •DCA
•B.Com •BCA
•BBA •PGDCA
•B.Ed. (Code-114336)
न्यूनतम फीस (किश्तों में) स्कॉलरशिप सुविधा
अंतिम तिथि : 31/08/26
गोकुल नगर, पुलगाँव, दुर्ग (छ.ग.)
9098849923, 9340311314
9303893829, 9300850065


# पुलिस ने चेकिंग अभियान में वाहनों की जांच और चालानी कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और शांति माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से खरोरा पुलिस इन दिनों पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने सघन पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान को काफी तेज कर दिया है। पुलिस टीम द्वारा प्रमुख चौराहों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध वाहनों की रोक-टोक कर गहन जांच की जा रही है। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है। देर रात अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनसे पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही नगर के बैंकों, एटीएम और अन्य व्यावसायिक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

- देर रात चेकिंग व संवेदनशील स्थलों पर पहरा

### अवैध कारोबारियों पर कसा शिकंजा

शराब, जुआ, सट्टा और नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री व गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस की इस बढ़ती सक्रियता और कड़ाई से असामाजिक तत्वों में हड़कंप का माहौल है। वहीं, नियमित गश्त और चेकिंग बढ़ने से स्थानीय व्यापारियों व आम नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था में सुधार पर संतोष व्यक्त किया है।



## खबर संक्षेप

### रायपुर में मुस्लिम समाज की बैठक 1 सितंबर को

**बिलाईगढ़।** राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और इसके लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति को सुझाव देने के लिए रायपुर मुस्लिम समाज की ओर से एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड (कैबिनेट मंत्री दर्जा) के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने दी है। मुस्लिम समाज की यह बैठक 01 सितंबर को गुरु घासीदास ऑडिटोरियम, कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के सामने, कलेक्ट्रेट चौक, रायपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा दिए गए सुझावों को एकत्रित किया जाएगा। इसके लिए रायपुर की समस्त मस्जिदों में जुमा को ऐलान के माध्यम से सूचना दी गई है। आयोजकों ने अपील की है कि यूसीसी के संबंध में सुझाव लिखित में अध्यक्ष, समान नागरिक संहिता समिति, छत्तीसगढ़ के नाम से संबोधित करते हुए दो प्रतियों में प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शहर काजी जनाब कारी डॉ. मोहम्मद इमरान अशरफी साहब और अध्यक्षता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता जनाब फैसल रिजवी साहब उपस्थित रहेंगे। मुस्लिम समाज द्वारा दिए गए सुझावों को बैठक में एकत्रित कर शाम 04:00 बजे समान नागरिक संहिता यूसीसी समिति, छत्तीसगढ़ के माननीय सदस्यों के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जाएगा।

### डीजल का अवैध भंडारण आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** दुकान में डीजल का अवैध भंडारण करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिंघोडा में रामेश्वर मिरी अपनी दुकान में अवैध रुप से भारी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ डीजल को बिना सुरक्षा प्रबंध के रखा हुआ था। मौके पर पहुंचेकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 60 लीटर डीजल ज्वलनशील पदार्थ कीमत 6000 रुपए को बरामद किया।

## ओवरलोड वाहनों से सड़क को नुकसान, पीडब्लूडी का पेचवर्क साबित हुआ नाकाफी

# बलौदाबाजार-सुहेला मार्ग भारी वाहनों के दबाव से उखड़ी, पेचवर्क भी नहीं टिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के प्रमुख औद्योगिक मार्गों में शामिल बलौदाबाजार-रिसदा-हथबंद-सुहेला मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। सीमेंट संयंत्रों में कच्चे माल और तैयार उत्पादों की आवाजाही के लिए दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही वाले इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे उभर आए हैं। सड़क की स्थिति ऐसी हो गई है कि वाहन चालकों को हर कदम संभलकर चलना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग दुर्घटना का कारण बन सकता है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के अनुसार मार्ग पर सीमेंट संयंत्रों से जुड़े भारी ट्रक और डंपर लगातार गुजरते हैं। कई बार क्षमता से अधिक भार लेकर चलने वाले वाहनों के कारण सड़क पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। इसके चलते कई स्थानों पर डामर की ऊपरी परत उखड़ गई है और सड़क धंसने लगी है। भारी वाहनों की लगातार आवाजाही ने सड़क की स्थिति को और खराब कर दिया है।



### कुछ दिन में ही उखड़ा पेचवर्क

सड़क की बदहाल स्थिति को देखते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ दिन पहले गड्ढों को भरने के लिए पेचवर्क कराया गया था। हालांकि, भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के चलते कई स्थानों पर यह मरम्मत ज्यादा दिनों तक टिक नहीं सकी। पेचवर्क वाले स्थानों पर दोबारा गड्ढे उभर आए हैं। इससे विभाग की मरम्मत व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### तत्काल पेचवर्क की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मार्ग की स्थिति का निरीक्षण कर तत्काल दोबारा पेचवर्क कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क का स्थायी सुधार होने तक कम से कम प्रमुख गड्ढों को तत्काल भरा जाए, ताकि हादसों की आशंका कम हो सके। साथ ही भारी वाहनों के ओवरलोड संचालन पर प्रभावी निगरानी और कार्रवाई की मांग भी की गई है।

### बारिश में बढ़ जाता है खतरा

सड़क पर बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भरने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही चार पहिया वाहनों के लिए भी दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। सड़क से उड़ने वाली धूल के कारण भी राहगीरों और आसपास के ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## छात्र और ग्रामीण परेशान

# ग्राम रिवाड़ीह में 12 दिनों से मोबाइल नेटवर्क ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत रिवाड़ीह के ग्रामीण एवं विद्यार्थी पिछले करीब 12 दिनों से मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण लोगों को रोजमर्रा के जरूरी कार्यों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल नेटवर्क की सुविधा बाधित होने से गांव का संपर्क मानो बाहरी दुनिया से टूट सा गया है। नेटवर्क की समस्या का सबसे अधिक असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। ऑनलाइन कक्षाओं, अध्ययन सामग्री और जरूरी शैक्षणिक जानकारी के लिए मोबाइल इंटरनेट पर निर्भर विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। कई विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। वहीं, गांव में किसी मरीज की तबीयत बिगड़ने पर एंबुलेंस अथवा अन्य वाहन बुलाने के लिए फोन करना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आपात स्थिति में नेटवर्क नहीं मिलना गंभीर समस्या बन सकता है। सभापति जनार्दन वर्मा ने कहा कि रिवाड़ीह में पिछले कई दिनों से नेटवर्क की समस्या की जानकारी मिली है। ग्रामीणों और विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए संबंधित मोबाइल कंपनी के अधिकारियों से चर्चा कर समस्या का जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।


### बैंकिंग और ऑनलाइन काम भी प्रभावित

ग्रामीणों ने कहा कि मोबाइल नेटवर्क आज के समय में जरूरी सुविधा बन चुका है। नेटवर्क नहीं होने से बैंकिंग, ऑनलाइन कामकाज, रिश्तेदारों से संपर्क और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संबंधित कंपनी को जल्द से जल्द नेटवर्क व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। विद्यार्थी ने कहा कि नेटवर्क नहीं मिलने के कारण ऑनलाइन पढ़ाई और जरूरी अध्ययन सामग्री प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। परीक्षा एवं पढ़ाई के समय यह समस्या हमारे लिए काफी परेशानी का कारण बन रही है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं मोबाइल नेटवर्क कंपनी से जल्द से जल्द समस्या का निराकरण करने की मांग की है।

# विश्व पर्यटन दिवस पुरस्कार के लिए आवेदन 15 सितंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में पर्यटन क्षेत्र को नई पहचान देने, पर्यटन से जुड़े उद्यमियों, संस्थाओं एवं व्यक्तियों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य के पर्यटन स्थलों के विकास, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा 'विश्व पर्यटन दिवस पुरस्कार-2026' प्रदान किए जाएंगे। इस पुरस्कार योजना के तहत पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले होटल, पंजीकृत टूर ऑपरेटर, जिले, पर्यटन स्टार्टअप, रिसॉर्ट, पर्यटक सूचना केंद्र, होमस्टे, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, इको-टूरिज्म साइट और एडवेंचर टूरिज्म संचालकों को सम्मानित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 10 श्रेणियों में एक-एक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक



विजेता को 11 हजार की पुरस्कार राशि एवं मेमेंटो प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार की सभी श्रेणियों के लिए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं संबंधित पर्यटन क्षेत्र के पात्र हितधारक अपनी प्रविष्टियां आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 है।

### सतनाम धर्मशाला मड़वा में समाज की बैठक 4 सितंबर को

**गिधौरी।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा भादो अष्टमी के अवसर पर गिरौदपुरी धाम में गुरु बालक दास जी के जन्म जयंती के अवसर पर होने वाले अर्धवार्षिक मेला के अवसर पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश पदाधिकारी तथा जिला व पदाधिकारीयों का आवश्यक बैठक सतनाम धर्मशाला मडवा में 4 सितंबर दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से बैठक रखा गया है। अष्टमी के अवसर पर गुरु बालक दास जी के जयंती सतनाम धर्मशाला मड़वा में प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिति में मनाया जाएगा। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा बैठक में आगामी कार्य योजना एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कार्यालय प्रभारी कृष्णा कोशले ने अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होने की अपील किया है।

# चाकूबाजी, मारपीट व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त 8 गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- कानून व्यवस्था कायम रखने पुलिस की कार्रवाई
- चाकू लहराकर राहगीरों को डराने से लेकर मारपीट तक

क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तिल्दा-नेवरा पुलिस ने अभियान चलाकर अलग-अलग मामलों में कुल 8 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। इनमें सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले दो आरोपियों पर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया, जबकि ग्राम बिलाड़ी में मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसके अलावा शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका वाले चार लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चंचल तिवारी और एसडीओपी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

### चाकू लेकर घूम रहे दो युवक पकड़े गए

पुलिस को ग्राम खुडमुड़ी एवं ग्राम रजिया में सार्वजनिक स्थान पर चाकू लेकर घूमने तथा राहगीरों और आम नागरिकों को डराने-धमकाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी में उनके कब्जे से धारदार चाकू बरामद हुए। इस मामले में दानेश्वर टंडन उर्फ जुगरू (22) निवासी खुडमुड़ी और सूरज चतुर्वेदी (19) निवासी खुडमुड़ी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अलग-अलग अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### बिलाड़ी में मारपीट दो गिरफ्तार

28 अगस्त की रात ग्राम बिलाड़ी के जैतखाम पारा में लक्ष्मीनारायण कोसले के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दिनेश कुमार पाठक उर्फ टिंगू मेहर (21) और मनीष कुमार वर्मा (22) को गिरफ्तार किया। दोनों बिलाड़ी निवासी हैं। पुलिस ने अपराध क्रमांक 365/2026 के तहत धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

### चार असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका वाले शंकर बघेल (30), अजीत कुमार बंछोर (30), कुलेश्वर यादव (30) और दया राम ध्रुव (22) के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लेकर घूमने, राहगीरों को डराने-धमकाने, मारपीट, अड्डेबाजी अथवा शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधियों में शामिल लोगों पर आगे भी कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से संदिग्ध या आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल नजदीकी थाने अथवा डायल 112 पर देने की अपील की है।

## सुबह 4 बजे उठकर करेंगी असुर

# पति की दीर्घायु के लिए आज महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

सिंधी समाज की सुहागिन महिलाएं पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर सोमवार को तीजा पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाएंगी। पर्व को लेकर महिलाओं ने रविवार को ही तैयारियां पूरी कर लीं। तीजा के दिन महिलाएं अल सुबह करीब 4 बजे उठकर असुर करेंगी और इसके बाद निर्जला व्रत की शुरुआत करेंगी। उसके बाद महिलाएं हाथों में मेहंदी भी रचाएंगी। तीज, पर मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। हालांकि अधिकांश महिलाओं ने मेहंदी का रंग गहरा करने के लिए रात में ही मेहंदी लगा लिया था । सुबह स्नान आदि के बाद महिलाएं पूजा-अर्चना करेंगी और पूरे दिन निर्जला व्रत रखेंगी। इस दौरान सुहागिन महिलाएं नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार करेंगी। दोपहर 12 बजे के बाद महिलाएं टोली बनाकर ट्रीजड़ी माता की पूजा-अर्चना करेंगी और परंपरा के अनुसार माता को झूले में झुलाएंगी।

## श्रृंगार के बाद तिजीरी माता को झूला झुलाने की परंपरा

### बदलते परिवारों के साथ बदली परंपरा

समय के साथ परिवार छोटे होने और जीवनशैली में बदलाव के कारण अब ज्यादातर बहन-बेटियां राखी बांधने के बाद मायके में अधिक दिनों तक नहीं रुकतीं और ससुराल लौट जाती हैं। ऐसे में अब अनेक महिलाएं तीजा पर्व ससुराल में ही मनाती हैं।



### मायके में तीज मनाने की रही है परंपरा

सिंधी समाज में तीजा पर्व से जुड़ी मायके की परंपरा भी खास रही है। विवाह के बाद बेटियां राखी के अवसर पर मायके आती है और तीजा सहित जन्माष्टमी तक मायके में ही रहती है । तीज के दिन परिवार की महिलाओं, रिश्तेदारों और सहेलियों के साथ मिलकर दिनभर पर्व मनाने की परंपरा रही है। पहले महिलाएं ताश की तीन पत्तियों का खेल खेलकर भी समय बिताती थीं। शाम को भगवान शिव पार्वती के समक्ष भजन-कीर्तन होता था और रात में महिलाएं एक स्थान पर एकत्र होकर ट्रीजीरी माता की कथा सुनती है ।कथा के बाद महिलाओं को चांद निकलने का इंतजार रहता है । चंद्रमा के दर्शन होते ही उन्हें अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है । इसके बाद व्रती महिलाएं भोजन ग्रहण करती है।

### तीजा के बाद दधड़ी और जन्माष्टमी का पर्व

सिंधी समाज में तीजा के बाद भी कई परंपरागत पर्व मनाए जाते हैं। राखी के पांचवें दिन दधड़ी पर्व मनाया जाता है। इस दिन ठंडा भोजन करने की परंपरा है। महिलाएं एक दिन पहले शाम को विभिन्न प्रकार के व्यंजन और रोटियां बनाकर रखती हैं। सुबह शीतला माता की पूजा-अर्चना के बाद तालाब, सरोवर या नदी में स्नान कर वहां का जल घर लाने की परंपरा भी है। मान्यता है कि इससे घर में सुख-शांति और शीतलता बनी रहती है। इसके अगले दिन कमरष्ठ का पर्व मनाया जाता है।राखी के आत्वे दिन जन्माष्टमी का पर्व मनाने के बाद से बेटियां अपने ससुराल लौटती हैं। तीजा पर्व को लेकर शनिवार को सिंधी समाज की महिलाएं पूजा सामग्री जुटाने से लेकर घर की सजावट, श्रृंगार और अन्य तैयारियों में व्यस्त रहीं। रविवार को महिलाएं दिनभर आस्था और परंपरा के साथ तीजा पर्व मनाएंगी।

# नियमित-अनियमित कर्मचारी, अधिकारी और पेंशनर्स 11 को इंद्रावती भवन में करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी विभागों में कार्यरत नियमित, अनियमित कर्मचारी-अधिकारी और पेंशनर्स अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 सितंबर को नवा रायपुर में इंद्रावती भवन के सामने बड़ी संख्या में सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए विरोध दर्ज कराएंगे।

केंद्र के समान महंगाई भत्ता जनवरी 2026 से एवं 86 माह से लंबित एरियर्स, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, आउटसोर्सिंग बंद करने जैसी मांगों पर कर्मचारी शासन का ध्यान आकर्षित कराएंगे। कर्मचारियों का कहना है, न्यूनतम वेतन में पिछले 9 साल से और संविदा वेतन में विगत 3 साल से कोई वृद्धि नहीं की गई है, इससे लाखों अनियमित कर्मचारियों का आर्थिक हित प्रभावित हो रहा है।

क्रमिक आंदोलन के क्रम में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर विभागाध्यक्ष इंद्रावती भवन में पदस्थ संगठन प्रमुख करन सिंह अटेरिया, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ, जितेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी संघ एवं गोपाल प्रसाद साहू प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के नेतृत्व में एक मांग-एक मंच अभियान के बैनर तले नियमित, अनियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी 11 सितंबर को भोजनावकाश में इंद्रावती भवन के सामने सांकेतिक प्रदर्शन कर नोडल अधिकारी इंद्रावती भवन को मुख्य सचिव के नाम से ज्ञापन सौंपेंगे।

## 5 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी लामबंद, आर्थिक शोषण का लगाया आरोप

### 50 से अधिक कर्मचारी संगठनों का समर्थन

कर्मचारियों का कहना है 11 सितंबर को होने वाले प्रदर्शन में इंद्रावती भवन नवा रायपुर स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के साथ-साथ 50 से अधिक कर्मचारी संगठनों का समर्थन मिला है। पेंशनर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डीपी मनहर, छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडे, राज्य पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयनारायण श्रीवास्तव, प्रगतिशील पर्यवेक्षक संघ महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रदेश अध्यक्ष मीणा राजवाड़े वन विभाग के वाहन चालक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार पांडे ने आंदोलन का समर्थन करते हुए प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित रहने के लिए अपील की है।



### प्रमुख मांगें

- जनवरी 2026 की स्थिति से कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ता जारी करने के साथ 86 महीनों के एरियर्स दिए जाने की मांग।
- अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण करने, निकाले गए कर्मचारियों की बहाली और न्यून मानदेय कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने, अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने की मांग। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग/ठेका के माध्यम से नियोजन सिस्टम बंद किया जाए।
- नगरीय निकाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना करने की मांग।
- स्वास्थ्य विभाग में ठेका पद्धति की प्रथा समाप्त की जाए।
- नियमित, अनियमित कर्मचारियों एवं पेंशनरों के लिए मध्यप्रदेश की तर्ज पर 20 लाख रुपए तक कैशलेस उपचार की सुविधा लागू की जाए।

## खबर संक्षेप

### देसी कट्टे की नोक पर धमकाया, गिरफ्तार



**रायपुर।** देसी कट्टे की नोक पर लोगों को धमका रहे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना मिली थी कि चांदनी चौक नेहरू नगर के समीप एक बदमाश आने-जाने वाले लोगों को बंदूक दिखाकर धमका रहा है। पुलिस वहां पहुंची तो बदमाश मोहम्मद अमीरुद्दीन उर्फ जीशान लोहे की पाइप से निर्मित देसी कट्टा दिखाकर लोगों को धमका रहा था। पुलिस लगातार आम लोगों को आतंकित करने वाले बदमाशों के खिलाफ अभियान चला रही है।

### मारपीट के आरोप में चार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने मारपीट के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। आपसी रंजिश के कारण मारपीट तथा चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस ने करण यादव, भीष्म साहू उर्फ ऋषभ, मुकुल ध्रुव, महेश ध्रुव उर्फ माइकल को गिरफ्तार किया है। विकास का अस्पताल में उपचार चल रहा है। मुकुल तथा उसके साथियों ने शुक्रवार को सौरभ नायक के साथ गाली-गलौज तथा मारपीट कर उसके ऊपर चाकू से हमला किया था।

### चंगोराभाठा में थाना खोलने की मांग

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं, बेखौफ अपराधियों और फलते-फूलते नशे के अवैध कारोबार के विरोध में गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रायपुर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने चंगोराभाठा में हुए हालिया डबल मर्डर के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पूरे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए पुलिस कमिश्नर डॉ. शुक्ला ने आश्वस्त किया कि चंगोराभाठा डबल मर्डर के दोषियों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। उन्होंने अगले 15

## निजी मेडिकल कालेज की 28 सीट भरी, डेंटल कालेजों में कुल 44 प्रवेश


# जेएनएम की 57 समेत शासकीय मेडिकल कालेजों की 227 सीटों पर हुआ एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नीट यूजी-2026 की काउंसिलिंग के दौरान दो दिन में एमबीबीएस-बीडीएस की कुल 299 सीटों पर एडमिशन हुआ। इसमें शासकीय जेएनएम मेडिकल कालेज के लिए आवंटित 204 में से 57 सीटों पर अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया है। वहीं प्रायवेट मेडिकल कालेज की 28 और डेंटल कालेजों में कुल 44 एडमिशन हुआ है।

दस्तावेजों की जांच और प्रवेश की प्रक्रिया 27 अगस्त से शुरू हुई और 28 को अवकाश के बाद शनिवार 29 अगस्त से 3 सितंबर तक निरंतरता के साथ पूरी की जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया के लिए शासकीय मेडिकल कालेजों में व्यवस्था की गई है, वहीं प्रायवेट कालेजों में एडमिशन का काम आयुष विश्वविद्यालय परिसर में पूरा किया जा रहा है। शनिवार को प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के 15 शासकीय कालेजों की 1469 शासकीय सीटों में से 227 सीटों पर प्रवेश पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार निजी कालेजों में प्रबंधन, स्टेट, एनआरआई कोटे की कुल 1300 में से 28 सीटों पर अभ्यर्थियों ने अपने एडमिशन का काम पूरा कर लिया है। इस बार पहले राउंड की काउंसिलिंग में राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय की 82 में से 3 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा हो चुका है, जबकि राज्य के पांच निजी डेंटल कालेजों में 28 लोगों ने अपनी सीट सुरक्षित कर ली है।

राज्य के नीट टॉपरों सहित विभिन्न कोटे में शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर की 204 सीटों का आवंटन किया गया था, जिसमें बिना किसी संशय के 57 लोगों ने प्रवेश ले लिया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों आवंटित 80 फीसदी सीटों पर प्रवेश का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद दूसरे राउंड की काउंसिलिंग की तैयारी की जाएगी।



### अखिल भारतीय कोटे की 2 सीटों पर प्रवेश

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर में ऑल इंडिया कोटे की कुल 37 सीटों में से 2 पर प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जांच और जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। ऑल इंडिया कोटे से दूसरे दौर की प्रवेश प्रक्रिया 3 सितंबर से प्रारंभ होगी। राज्य के शासकीय मेडिकल कालेजों में ऑल इंडिया और सेंट्रल कोटे की 256 सीटें तय हैं। इस बार सभी कोटा मिलाकर राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में 3025 एमबीबीएस सीटें हैं।



# छाए रहे काले बादलों से छूटती रही रिमझिम फुहार, अच्छी बारिश के लिए सिस्टम तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तीन आराम के बाद मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाड़ी में तैयार हुए सिस्टम से शनिवार को अंबिकापुर और दुर्ग में बारिश और राजधानी में काले बादलों से रिमझिम फुहार छूटती रही। मध्य के साथ बस्तर में बरसने के लिए बंगाल की खाड़ी में सिस्टम तैयार हो गया है।

- मध्य के साथ इस बार बस्तर में बरसेंगे बादल

सावन के अंतिम यानी राखी के दिन बारिश नहीं हुई, मगर भादो लगते ही मानसून ने एक बार फिर अपनी सक्रियता दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक राज्य में बारिश की गतिविधि बनने रहने की संभावना है। इस बार वर्षा का असर मध्य इलाके के साथ बस्तर इलाके में रहने के आसार हैं, यानी सितंबर की शुरुआत वर्षा की गतिविधि के साथ होगी। राज्य में अभी वर्षा सामान्य से 4 प्रतिशत कम है, जिसकी पूर्ति बारिश के इस चक्र में होने की संभावना है। शनिवार को अंबिकापुर में 62 तथा दुर्ग में करीब 20 मिमी. वर्षा हुई। राजधानी में रात हल्की बरसात के बाद दिनभर काले बादल छाए रहे, इसके साथ फुहारों का दौर चलता रहा। मौसम में आई ठंडकता के कारण दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री नीचे होकर 26 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम-उत्तरी ओडिशा तटों पर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके साथ चक्रवाती घेरा भी फैला हुआ है, जिसके तीव्र होने के साथ आगे बढ़ने की संभावना है। इस सिस्टम के असर से प्रदेश में एक बार फिर बारिश की गतिविधि बढ़ने के आसार हैं।

# 30 स्पॉ सेंटर में पुलिस का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के अलग-अलग इलाकों में संचालित स्पॉ सेंटरों में नियमों के पालन और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर शनिवार को बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाया। पुलिस ने 30 स्पॉ सेंटर में एक साथ जांच की। इसके लिए पुलिस की 15 टीमों का गठन किया गया था, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों समेत 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर स्पॉ सेंटर संचालकों में हड़कंप की स्थिति रही। पुलिस की टीम ने अलग-अलग सेंटर पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं और दस्तावेजों की पड़ताल की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान का उद्देश्य स्पॉ सेंटरों की आड़ में किसी भी तरह की प्रतिबंधित या संदिग्ध गतिविधियों को रोकना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना है।

- छापे की कार्रवाई करने पुलिस की 15 टीमें बनाई गईं

**तीनों जोन में एक साथ कार्रवाई :** डीसीपी वेस्ट रॉबिंसन गुरिया, सेंट्रल जोन के डीसीपी तारकेश्वर पटेल और नॉर्थ जोन की डीसीपी दीपमाला कश्यप के निर्देशन में तीनों जोन में कार्रवाई की गई। सहायक पुलिस आयुक्त स्नेहिल साहू, नंदिनी ठाकुर और पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में गठित टीमों ने अलग-अलग स्पॉ सेंटरों की जांच की। 15 टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेंटरों में पहुंचकर संचालकों और कर्मचारियों से पूछताछ की। साथ ही आवश्यक दस्तावेजों और रिकॉर्ड का सत्यापन किया गया। अलग-अलग स्पॉ सेंटर में ग्राहकों के साथ वहां काम करने वालों से संबंधित दस्तावेजों के अलावा पुलिस ने स्पॉ सेंटरों के लीज, किराया और स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों की भी जांच की।



### रजिस्टर और सीसीटीवी रिकॉर्ड खंगाले

जांच के दौरान पुलिस ने स्पॉ सेंटरों में रखे ग्राहकों के रजिस्टर, स्टाफ रजिस्टर और कर्मचारियों से संबंधित दस्तावेजों की जांच की। सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी रिकॉर्डिंग क्षमता और फुटेज सुरक्षित रखने की व्यवस्था भी देखी गई। इसके अलावा स्पॉ संचालक, मैनेजर और कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिकेशन की स्थिति की जांच की गई। कर्मचारियों की आयु से संबंधित दस्तावेज भी देखे गए।

### इन दो स्पॉ सेंटरों में मिलीं आपत्तिजनक वस्तुएं

जांच के दौरान पुलिस को दो स्पॉ सेंटरों में आपत्तिजनक वस्तुएं मिलीं। इनमें डीडीनगर थाना क्षेत्र का एलिना और पंडरी थाना क्षेत्र के अंबुजा माल में संचालित लॉ थाई स्पॉ सेंटर शामिल हैं। यहां मिली आपत्तिजनक वस्तुओं के संबंध में पुलिस ने संबंधित मैनेजर और कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। कमिश्नरेट की ओर से कहा गया है कि स्पॉ सेंटरों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। पुलिस की जांच केवल एक दिन की कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगी। भविष्य में भी स्पॉ सेंटर का निरीक्षण और दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन अथवा किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम साय से किसान मोर्चा ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री निवास में सीएम विष्णु देव साय को शनिवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह के नेतृत्व में किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश में किसानों से जुड़े विभिन्न विषयों और किसान कल्याण से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में आगामी 31 अगस्त को आयोजित होने वाली किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को लेकर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कार्यसमिति की बैठक की तैयारियों तथा इसमें किसान हित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से शामिल किए जाने को लेकर जानकारी साझा की। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं, कृषि क्षेत्र के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। किसान मोर्चा के प्रतिनिधियों ने किसानों के हित में संचालित योजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी अपनी बात रखी।

# गांजा तस्करी में इंड-टू-इंड कार्रवाई ओडिशा से बड़ा डीलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


तेलीबांधा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के एक प्रकरण में पुलिस ने बैकवर्ड लिंक के आधार ओडिशा के बड़े डीलर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ओडिशा, सोनपुर में गांजा तस्करी के एक प्रकरण में अग्रिम जमानत पर है। उसके खिलाफ पूर्व में कई गांजा तस्करी के प्रकरण ओडिशा में दर्ज हैं।

- ओडिशा के एक गांजा प्रकरण में अग्रिम जमानत पर है आरोपी

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने ओडिशा के सुवर्णपुर में दबिश देकर देवेंद्र साहू उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर एंटी क्राईम एंड साइबर यूनिट, एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम ने 4 अगस्त को लभांडी स्थित अग्रसेन धाम के आगे सर्विस रोड पर एक ट्रक को घेराबंदी कर पकड़ा था।

ट्रक की जांच करने पर सवा करोड़ रुपए कीमत का 191.525 क्विंटल जब्त कर गांजा तस्करी करने के आरोप में बिहार मधुबनी निवासी मोहम्मद लाल, मोहम्मद रुस्तम, महाराष्ट्र नागपुर निवासी मोहम्मद आकिब, टिकरापारा संजय नगर निवासी मोहसिन खान को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने देवेंद्र से गांजा खरीदने की बात कबूल की थी। गांजा तस्करी से जुड़े अन्य तस्करों की पुलिस पतासाजी कर उनकी जल्द गिरफ्तारी की बात कह रही है।

### नागपुर के रास्ते मुंबई ले जाने की फिराक में था तस्कर



### खेत में ही गांजा का सौदा, करता था डीलिंग

पुलिस ने गांजा तस्करी के आरोप में जिस डीलर को गिरफ्तार किया है, वह किसानों से खेत में ही सौदा कर उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, बिहार तथा झारखंड के तस्करों से गांजा बिक्री के लिए डील करता था। गांजा डीलर द्वारा एक क्विंटल या उससे ज्यादा का गांजा डील कर बेचने की जानकारी पुलिस को मिली है।

# 30 घंटे बाद मिली नदी में डूबे युवक की लाश



**रायपुर।** बहन की अस्थियां विसर्जित करने के दौरान खारुन नदी के महादेवघाट में डूबे युवक की लाश 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार शाम को मिल पाई। युवक की लाश लक्ष्मण झूला के पास बने एनीकट के पास डूबते-उतराते मिली। शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम करने मरचुरी रवाना कर दिया। बॉडी की पतासाजी करने एसडीआरएफ की तीन से चार टीमें लगी हुई थीं। इसके अलावा अलग से गोताखोरों की टीम लगाई गई थी।

- बहन की अस्थियां विसर्जित करने गया था, इस दौरान हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार, युधिष्ठिर सारंग की लाश शाम 5 बजे के करीब मिली है। नदी में बहाव तेज होने के साथ ही लगातार भंवर बन रहा था, इस कारण गोताखोरों की टीम को नदी में उतरते नहीं बन रहा था। युवक की बॉडी को सतह पर लाने के लिए एसडीआरएफ की टीम नदी में जाल फेंकने के साथ ही मोटरबोट के माध्यम से नदी में प्रेशर बनाने का काम कर रहे थी। नदी में तेज प्रेशर बनाने से सतह की वस्तु ऊपर आ जाती है। यही कारण है कि नदी में प्रेशर बनाने से नदी में डूबे युवक की बॉडी ऊपर आ गई।

## वार्ड पार्षद ने कलेक्टर एवं नगर ग्राम निवेश अधिकारी को लिखा पत्र

# निजी प्रोजेक्ट से बंद हो जाएगा कोटवारी भूमि जाने का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महात्मा गांधी वार्ड-8 में एक निजी बिल्डर के प्रोजेक्ट के कारण यहां स्थित शासकीय कोटवारी भूमि की ओर जाने वाला रास्ता बंद हो जाएगा। इस वार्ड की पार्षद सावित्री भारत धीवर ने इस मामले में कलेक्टर और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक को पत्र लिखा है। इस पत्र के जरिए पार्षद ने कोटवारी भूमि पर आने-जाने के लिए 40 फीट रास्ता छोड़कर निजी प्रोजेक्ट को अनुमति देने की मांग की है।

वार्ड पार्षद ने बताया कि खसरा नंबर 214 कोटवारी भूमि से लगी हुई भूमि खसरा 215 एवं खसरा 216 है। इन खसरा नंबरों में से वर्ष 215 नंबर की भूमि से ही कोटवारी भूमि की ओर आने-जाने का मार्ग बचा हुआ है। कोटवारी के उत्तर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के तथा दक्षिण में स्वास्तिक बिल्डर के प्रोजेक्ट एवं पश्चिम में लोगों के मकान बने हुए हैं। इस तरह केवल 215 खसरा नंबर की भूमि से ही कोटवारी भूमि में आना-जाना किया जा सकता है।

इस कोटवारी भूमि पर भविष्य में शासकीय योजनाओं के तहत भविष्य में निर्माण कार्य भी होंगे। ऐसे में अगर रास्ता नहीं बचेगा तो इस जमीन का कोई उपयोग नहीं हो पाएगा। वार्ड पार्षद ने इसे लेकर कलेक्टर और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अधिकारी को पत्र लिखकर खसरा 215 भूमि पर 40 फीट का रास्ता छोड़कर ले-आउट पास किए जाने की मांग की है।



# सड़कों पर मवेशी छोड़े तो खैर नहीं, लगेगा जुर्माना, कई इलाकों में निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में घर के बाहर सड़क पर मवेशियों को खुला छोड़ा तो खैर नहीं, नगर निगम इन मवेशियों को पकड़कर पशु मालिक पर जुर्माना कर सकता है। साथ ही संबंधित मवेशी मालिक अपने मवेशियों को खुला छोड़ने पर खुद जिम्मेदार होंगे। निगम प्रशासन ने नगर निगम के 10 जोन क्षेत्रों में सड़क पर खुले में घूम रहे मवेशियों को पकड़ने आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान चलाया। शनिवार को निगम अमले ने भाठागांव, संतोषीनगर-मठपुरैना रिंगरोड, पेंशनबाड़ा तरुण बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर मवेशियों की धरपकड़ की। नगर निगम जोन -6 की काऊकैचर टीम ने भाठागांव क्षेत्र की सड़क से 9 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। इसी तरह संतोषीनगर मठपुरैना रिंगरोड सड़क मार्ग से 13 मवेशियों को काऊकैचर वाहन की सहायता से पकड़कर सड़क आवागमन में आ रही बाधा दूर की। नगर निगम जोन-4 क्षेत्र में काऊकैचर टीम ने पेंशनबाड़ा, सदरबाजार वार्ड के बूढ़ापारा, वार्ड 44 के लाखेनगर क्षेत्र में 5 मवेशियों की धरपकड़ की। निगम की टीम ने सभी मवेशी मालिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने पालतू मवेशियों को बांधकर रखें। उन्हें सड़कों पर खुला कदापि न छोड़ें। उनके द्वारा पालतू मवेशियों को सड़क पर छोड़े जाने से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# भाटापारा में राम सप्ताह व शोभायात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक

## एसपी व एसडीओपी ने कहा - डीजे और रूट गाइडलाइन का करना होगा कड़ाई से पालन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आगामी त्योहारों एवं आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा लगातार शांति समिति की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 30 अगस्त को शहर थाना परिसर में 'राम सप्ताह समिति' एवं आगामी 05 सितम्बर को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा के संबंध में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा एवं एसडीओपी तारेश साहू, तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, नगर पालिका परिषद भाटापारा के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित पाटले एवं थाना स्टाफ सहित भाटापारा नगर के राम सप्ताह समिति के पदाधिकारी, वार्डों के प्रतिष्ठित नागरिक, वरिष्ठ जन तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के मुख्य बिंदु पर निर्देश दिये गये जिसमें शोभायात्रा व रैली का मार्ग एवं समय 05 सितम्बर को आयोजित होने वाली शोभायात्रा, झांकी व रैली के निर्धारित रूट तथा समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था शोभायात्रा के दौरान शहर में यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती को लेकर चर्चा की गई।



### असामाजिक तत्वों पर नजर

आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या शांति भंग करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। बैठक के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखे, जिन पर पुलिस द्वारा उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। पुलिस ने सभी नागरिकों एवं आयोजकों से अपील की है कि आगामी राम सप्ताह एवं शोभायात्रा के आयोजन को आपसी भाईचारे, शांति व सौहार्द के साथ भव्य रूप से संपन्न कराएं तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें। डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रः शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन एवं मानक आवाज सीमा के भीतर ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने की हिदायत दी गई।

## खबर संक्षेप



### राज्यमंत्री का दर्जा मिलने पर मिर्जा एजाज बेग का स्वागत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। राज्यमंत्री दर्जा दिए जाने के बाद प्रदेश के मुस्लिम समाज एवं सामाजिक संगठनों ने हर्ष जताते हुए उनका स्वागत किया। श्री बेग ने राज्यमंत्री का दर्जा मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं प्रदेश भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया है।

### सम्मान, सुरक्षा और संकल्प का पर्व है रक्षाबंधन



**रायपुर।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, विश्वास, स्नेह और एक-दूसरे के प्रति कर्तव्य का पावन पर्व रक्षाबंधन राजधानी रायपुर के झुग्गी बस्तियों में आत्मीयता के साथ मनाया गया। सामाजिक न्याय कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने वहां बहनों से राखी बंधवाई और उन्हें हर परिस्थिति में सम्मान, सुरक्षा एवं सहयोग का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने और उपहार देने का पर्व नहीं है, बल्कि यह बहनों के सम्मान, सुरक्षा, अधिकार और उनके सुख-दुःख में साथ खड़े रहने की जिम्मेदारी का संकल्प लेने का दिन है। अधिवक्ता श्री नायक ने अंत में कहा, राखी का यह डोर केवल कलाई पर नहीं, बल्कि दिलों में बंधनी चाहिए। यह डोर हमें याद दिलाती है कि बहन का सम्मान और सुरक्षा केवल उसके भाई की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

### अवैध शराब कोचियों के खिलाफ कार्रवाई, 02 आरोपी भेजे गए जेल

**महासमुंद।** जिले में अवैध गतिविधियों और नशे के कारोबार के खिलाफ महासमुंद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली महासमुंद पुलिस टीम द्वारा महुआ शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पहले मामले में 29 अगस्त को महासमुंद के ग्राम नयापारा महासमुंद में घांसू मेहर पिता टिकेलाल मेहर (50 साल) वार्ड नं. 11 के घर दबिश देकर कुल 15 लीटर महुआ शराब (कीमत 3,000 रुपए) को जब्त किया। वहीं दूसरे मामले में ही वार्ड नं. 11नयापारा महासमुंद में नरसिंग मेहर पिता स्व. भानु मेहर (50 साल) के घर से कुल 9 लीटर (कीमत 1,800 रुपए) को बरामद किया गया। इन मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## पीएम श्री नवोदय विद्यालय लवन में धूमधाम से मना राष्ट्रीय खेल दिवस

# मेजर ध्यानचंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी : राजेंद्र सिक्का

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लवन



■ मेजर ध्यानचंद को दी श्रद्धांजलि

पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय लवन, जिला बलौदाबाजार में 29 अगस्त 2026 को पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद जी के जन्म जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं द्वारा मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर पुष्प माल्यार्पण और चंदन तिलक प्रदान करके धूमधाम पूर्वक राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ग्रंथपाल राजेंद्र सिक्का ने अपने उद्बोधन में पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व के बारे में ओजस्वी पूर्ण तथ्य प्रदान किये। श्री सिक्का ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय खेल दिवस के पावन अवसर पर कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस हर साल 29 अगस्त को भारत में मनाया जाता है। यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जन्म जयंती पर मनाया जाता है। राष्ट्रीय खेल दिवस का उद्देश्य लोगों में खेल और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है।

इस दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं और टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं। इसी दिन भारत के राष्ट्रपति राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं। इन पुरस्कारों में राजीव गांधी खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार शामिल रहता है। मेजर ध्यानचंद जी भारत को 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक खेलों के स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी खेल प्रतिभा इतनी अद्भुत थी कि विरोधी खिलाड़ी भी उनकी प्रशंसा करते थे।

मेजर ध्यान चंद जी ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर 570 गोल किए थे। उनके सम्मान में ही उनकी जन्मतिथि को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।राष्ट्रीय खेल दिवस हमें जीवन में खेलों के महत्व की याद दिलाता है। यह दिन हमें स्वस्थ सक्रिय और खेलों से जुड़ने की प्रेरणा देता है।

### खेलों से होता है सर्वांगीण विकासः मंदोदरी सेठ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के जीव विज्ञान के वरिष्ठ अध्यापिका मंदोदरी सेठ ने अपने उद्बोधन में कहा कि पद्म श्री मेजर ध्यान चंद ने अपनी अद्भुत खेल प्रतिभा से भारत को विश्व भर में सम्मान दिलाया। इस दिन का उद्देश्य खेलों के महत्व को बढ़ावा देना युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूक करना है। खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है खेल ने केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि मानसिक विकास अनुशासन आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस हमें यह संदेश देता है कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी समान रुचि लेनी चाहिए। राष्ट्रीय खेल दिवस के पावन अवसर पर विद्यालय में वरिष्ठ छात्र/छात्रों और अध्यापकों, अध्यापिका के बीच वॉलीबॉल मैच आयोजन किया गया था। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का वातावरण देखने को मिला । इस गरिमामयी राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिका तथा समस्त छात्र एवं छात्राएं, उपस्थित रहे।

## विधायक संदीप से ग्रामीणों ने की मुलाकात



**मुंडा।** ग्राम पंचायत परसापाली में 29 अगस्त को भोजली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू ने पहुंच कर ग्रामवासियों का अभिवादन किया गया। उसी उपरांत विधायक से सौजन्य मुलाकात किया गया जिसमें सम्मिलित उपसरपंच योगेश भारद्वाज, रवि नारायण वर्मा, चक्रसुदर्शन वर्मा, तुलाराम वर्मा, टीकाराम वर्मा, तेजू वर्मा, ओम हरि वर्मा, पप्पू वर्मा, नारायण दास, परदेसी, देवनाथ सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

## एम्स के सामने से ठेले-गुमटियां हटाईं मुख्य मार्ग हुआ अतिक्रमण मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ 8 हजार रुपए ई-जुर्माना
■ निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम, जोन 8 नगर निवेश टीम की संयुक्त कार्रवाई

टीम प्रहरी अभियान की कड़ी में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र में एम्स हॉस्पिटल के सामने जीई रोड से टाटीबंध तक मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त हटाने अभियान चलाया, जिसमें निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता टीम, जोन-8 नगर निवेश विभाग टीम और रायपुर पुलिस कमिश्नरेट, यातायात पुलिस विभाग की टीम ने ठेलों और गुमटियों को प्रमुख सड़क मार्ग से हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान संबंधित ठेला संचालकों को दोबारा ठेले सड़क मार्ग पर नहीं लगाने की चेतावनी देते हुए स्थल पर संबंधित कब्जाधारी ठेला वालों पर करीब 8 हजार रुपए ई-जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई। टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत कार्रवाई से राहगीरों और वाहन चालकों को प्रमुख सड़क मार्ग कब्जामुक्त होने पर यातायात जाम की समस्या से राहत मिली।

# डेढ़ साल में एक लाख घरों में लगे सोलर पैनल अब सात माह में चार लाख लगाने की चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में करीब डेढ़ साल में एक लाख घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। अब सात माह में ही चार लाख सोलर पैनल लगाने की बड़ी चुनौती छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के पास है। मार्च 2027 तक प्रदेश में पांच लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के लिए अलग-अलग राज्यों का अलग-अलग लक्ष्य तय है। अपने प्रदेश के लिए दो साल में पांच लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रारंभ में योजना में आवेदन करने की रफ्तार के साथ सोलर पैनल लगाने की रफ्तार भी धीमी रही है। इसके बाद इस मामले में प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाई और योजना बनाकर काम प्रारंभ किया गया।



### एक लाख से ज्यादा घर कवर

प्रदेश में सोलर पैनल लगाने के लिए डेढ़ हजार वेंडर तय हैं, इसके बाद भी लक्ष्य के हिसाब से सोलर पैनल लगाने की रफ्तार बहुत धीमी है। लेकिन योजना के प्रारंभ होने के कुछ माह बाद से तुलना की जाए तो उसके मुकाबले रफ्तार बढ़ी है। पहले तो बीते साल जून तक महज साढ़े तीन हजार सोलर पैनल ही लगे थे और 42 हजार आवेदन आए थे। इसके बाद जब बीते साल प्रदेश सरकार ने भी सब्सिडी का ऐलान किया तो इसके बाद से इसकी रफ्तार में इजाफा हुआ है। बीते 8 माह में जहां एक लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं, वहीं अब तक 97698 आवेदनों का निराकरण किया गया है। इन आवेदनों से एक लाख 97 घरों में सोलर पैनल लगे हैं। मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में एक ही आवेदन से सभी घरों में सोलर पैनल लगाने के कारण आवेदन से ज्यादा घर कवर हो रहे हैं। इस समय करीब दो लाख आवेदन और बचे हुए हैं।

### डबल सब्सिडी से फायदा

योजना में उपभोक्ताओं की रुचि लाने के लिए प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार की तरफ से भी सब्सिडी देने का काम प्रारंभ किया है। जहां तीन किलोवाट पर केंद्र सरकार की 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है, वहीं राज्य सरकार भी 30 हजार की सब्सिडी दे रही है। एक और दो किलोवाट पर केंद्र के साथ राज्य सरकार की सब्सिडी मिल रही है। राज्य सरकार की सब्सिडी के ऐलान के बाद योजना में आवेदनों की रफ्तार में बहुत तेजी आई है।

# वल्लभ नगर कालोनी में चोरों का धावा, शोर मचते ही सभी भागे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के वल्लभ नगर कालोनी में रक्षाबंधन के दिन रात के समय चोरों का एक गैंग कई घरों में चोरी करने घुसा था, लेकिन एक परिवार के लोगों के जाग जाने के बाद शोर मचाने पर सभी आरोपियों को चोरी किए बिना भागना पड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वल्लभ नगर कॉलोनी में 27-28 अगस्त की दरमियानी रात चोरों का गैंग एक साथ कई घरों में घुसा था। एक घर में प्रवेश करने के बाद चोरों ने अलग-अलग कमरों में सो रहे परिवार के सदस्यों को कमरे में ही बंद कर दिया। इसी बीच परिवार का एक सदस्य आवाज सुनकर जब जाग कर अपने कमरे का दरवाजा खोलना चाहा तो वह खुला नहीं। उसे संदेह हुआ कि उसके घर में चोर घुसे हुए हैं। उसने अपने पड़ोस में रहने वाले परिवारों को मोबाइल से संपर्क कर इसकी जानकारी दी। तब लोगों ने अपने घर से बाहर निकलकर जब शोर मचाया तो सभी आरोपी तुरंत अलग-अलग घरों से बाहर निकलकर भाग गए।

**पेंशनर्स समाज का वार्षिक समारोह आज** : रायपुर। सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 30 अगस्त को छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज का 42वां अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। यह जानकारी समाज के महासचिव रघुनंदन लाल वर्मा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में 80-85 वर्षीय कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा।

# 4800 किसानों के मिले थे जॉइंट बैंक अकाउंट फर्जीवाड़ा रोकने सिंगल अकाउंट खुलवा रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद रायपुर जिले से पंजीकृत जॉइंट बैंक अकाउंट वाले किसानों के सिंगल एकाउंट खुलवाए जा रहे हैं। इसके तहत जिले में जॉइंट अकाउंट खुलवाने वाले किसान पुराना अकाउंट बंद कराकर अपने-अपने व्यक्तिगत नाम पर सिंगल अकाउंट खुलवा रहे हैं। विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, जिले में जांच के दौरान कुल 11 हजार से अधिक संदिग्ध किसानों का पता लगाया, जिनमें 4800 किसान ऐसे मिले थे, जिनके जॉइंट बैंक अकाउंट हैं।

इन सभी किसानों को विभाग द्वारा योजना का लाभ लेने के लिए सिंगल अकाउंट खोलने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों से पता चला है कि इसके तहत लगभग 4 हजार किसानों ने जॉइंट अकाउंट बंद कराकर सिंगल अकाउंट खुलवा लिए हैं।



### जांच के बाद अपात्र-मृत को राशि भेजना बंद

जांच के बाद अपात्र तथा मृत किसानों के नाम और बैंक अकाउंट नंबर वाली आईडी को ऑनलाइन पोर्टल में ब्लॉक कर दिया है। इस तरह इनके अकाउंट में अब योजना के तहत राशि ट्रांसफर होनी बंद हो गई है। इधर जिन किसानों के जॉइंट अकाउंट में राशि ट्रांसफर हो रही थी, उसे होल्ड कराकर उन्हें सिंगल नाम से अकाउंट खुलवाने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत अब जॉइंट अकाउंट वाले किसानों को भी इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, जिनके अकाउंट सिंगल नाम पर हैं, उन्हें ही राशि ट्रांसफर हो रही है।

### जिले में हो चुका बड़ा फर्जीवाड़ा

रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में पूर्व में पीएम सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले लाभ में फर्जीवाड़ा उजागर हो चुका है। रायपुर जिले में भी इस योजना के तहत बड़ी संख्या में अपात्र तथा मृत सैकड़ों किसानों के अकाउंट में राशि ट्रांसफर की जा रही थी। कृषि विभाग द्वारा की गई जांच एवं भौतिक सत्यापन में जिले में 11 हजार से अधिक संदिग्ध किसानों का पता चला है, जिनमें प्रारंभिक जांच के दौरान 1310 अपात्र किसानों के नाम भी पंजीकृत सूची से हटाए गए थे। इसके अलावा 2 हजार से अधिक किसानों की मृत्यु होना पाया गया। मृत किसानों में कइयों के जॉइंट अकाउंट थे, वहीं कइयों की मृत्यु की जानकारी परिजनों ने विभाग को नहीं दी थी। इससे इस योजना की राशि उनके अकाउंट में ही ट्रांसफर होती रही।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

भास्कर आई केयर
BHASKAR EYE CARE
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अंतिम क्षण तक लड़ने का साहस देता है खेल

**रायपुर।** खेल केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विपरीत परिस्थितियों में अंतिम क्षण तक संघर्ष कर जीत हासिल करने की अदम्य क्षमता का निर्माण करता है। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रो. डॉ. मनोज दयाल ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि खेलों से खेल भावना, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, साहस, धैर्य, उत्साह, सकारात्मकता और आपसी समन्वय जैसे गुणों का विकास होता है, जो व्यक्तित्व के संतुलित एवं बहुआयामी विकास में सहायक सिद्ध होते हैं और तनावमुक्त जीवन का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

### आईएफएस आचार्य बने वन विकास निगम के कार्यकारी एमडी



**रायपुर।** राज्य शासन ने भारतीय वन सेवा के अधिकारी विवेक आचार्य की नई पदस्थापना की है। पर्यटन मंडल से उनकी सेवाएं वापस वन विभाग को सौंपे जाने के बाद अब उन्हें राज्य वन विकास निगम लिमिटेड का कार्यकारी प्रबंध संचालक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं।

### भाजपा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में रोजगार घटा : कांग्रेस



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार ढाई साल में एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पाई है, बल्कि युवाओं से रोजगार छीनने का ही काम किया है। कांग्रेस सरकार में बेरोजगारी दर मात्र 0.60 प्रतिशत थी। भाजपा सरकार बनने के बाद बेरोजगारों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। वर्तमान में बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत है। साय सरकार ने ढाई साल में बीएड शिक्षक, अतिथि शिक्षक, विद्या मितान, क्रेडा के संविदा कर्मचारी, अनियमित कर्मचारी, विद्युत विभाग के कर्मचारी, वन विभाग के संविदा कर्मचारियों, गोठान महिला स्व सहायता समूह, रीपा के तहत रोजगार प्राप्त कर रहे लोगों को काम से बेदखल किया। ई-श्रेणी के लाइसेंस में काम कर रहे युवाओं से भी काम छिन गया है, पूरे प्रदेश में विकास कार्य ठप है, कोई नई भर्ती पूरी नहीं हुई है। पूर्व से चल रही भर्ती में भी नियुक्तियां नहीं दी जा रही हैं। हर विभाग में काम करने वाले युवाओं से उनका हक अधिकार को छीना गया है। ऐसे में साय सरकार का रोजगार देने का दावा सरासर जुमला और मनगढ़ंत है। उन्होंने कहा, भाजपा ने विधानसभा चुनाव में प्रदेश के युवाओं को एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती देने का वादा किया था, अनियमित कर्मचारियों को 100 दिन में नियमित करने का वादा था, ढाई साल में एक भी युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं दे पाई है।





### पर्व : परसापाली में मना भोजली पर्व, जय भोले समिति ने कराई प्रतियोगिता, श्याम कुमारी प्रथम

# संस्कृति को सहेजने की अनूठी पहल : संदीप साहू

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| कसडोल

ग्राम परसापाली में जय भोले जन सेवा समिति के तत्वावधान में भोजली प्रतियोगिता एवं विसर्जन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र मोनू साहू, छाया विधायक धनीराम धीवर, सरिता जायसवाल तथा सरपंच भुनेश्वरी हेमंत यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में महिलाओं एवं युवतियों ने रंग-बिरंगी भोजली के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक लोकगीतों और भोजली गीतों से पूरा वातावरण छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। प्रतियोगिता में श्याम कुमारी वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 5701 रुपये नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान सत्या वर्मा ने प्राप्त किया, जिन्हें 4601 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली धनबाई यादव को 3501 रुपये तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली तांकेश्वरी वर्मा को 2501 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भोजली पर्व को सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत रखने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। विजेताओं को सम्मानित करने के बाद श्रद्धा एवं उल्लास के साथ भोजली विसर्जन किया गया।





### संस्कृति को सहेजने का प्रयास

समिति के सदस्यों ने बताया कि जय भोले जन सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष भोजली पर्व का आयोजन धूमधाम से किया जाता है। इस आयोजन में पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल होने पहुंचते हैं। भोजली प्रतियोगिता के माध्यम से नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा एवं संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष लालजी राव, उपाध्यक्ष मनीराम यादव, कोषाध्यक्ष शिवचरण वर्मा, सचिव मालिकराम वर्मा सहित सदस्य समविवेक दास मानिकपुरी, तोरण वर्मा, सचिन वर्मा, हृदय राव एवं समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

## कसडोल में हर्षोल्लास से मना भोजली पर्व, ममता यादव की भोजली रही प्रथम

**कसडोल।** कसडोल नगर में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने वाले भोजली पर्व का हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ आयोजन किया गया। नगर पंचायत कसडोल द्वारा भोजली विसर्जन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में ममता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 3100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं मीना यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 2100 रुपए तथा रुकमणी जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 1100 रुपए का पुरस्कार हासिल किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी, पार्षद पुनेश्वर मिश्रा, भगवती साहू, रामा धीवर, मंजू बनजारे, एल्डरमैन गोटी लाल, राजेंद्र श्रीवास, शीला वर्मा, योगेश बंजारे, निर्मला साहू, चंदन साहू, निरेन्द्र क्षत्रिय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



### लोक परंपरा को सहेजने का संदेश

भोजली पर्व के आयोजन में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाजों की सुंदर झलक देखने को मिली। पारंपरिक गीत-संगीत, झांकी और सामूहिक सहभागिता ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इस तरह के आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं एवं संस्कृति से जोड़ने का भी कार्य करते हैं। भोजली विसर्जन के दौरान नगर में देर तक उत्सव और उमंग का माहौल बना रहा।

### आल्हा-उदल की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

भोजली विसर्जन के दौरान नगर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी भोजली विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। नगर के रामसागर पारा भोजली विसर्जन समिति द्वारा कीर्तन मंडली के साथ भोजली दाई की सेवा एवं आराधना करते हुए आल्हा-उदल का रूप धारण किए कलाकारों के साथ नाचते-गाते रामसागर तालाब तक भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। समिति द्वारा दो भालुओं का रूप धारण किए कलाकारों को भी यात्रा में शामिल किया गया, जो विशेष रूप से बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे।

# मोहभट्ठा में निकली कलश वंदन यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी हथबंद नवापारा मंडल द्वारा आयोजित 'समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। जीमंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल के मुख्य आतिथ्य में संत रविदास महाराज जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 'मन चंगा तो कुछ कठौती में गंगा' के जयघोष के साथ जय श्री राम एवं संत रविदास महाराज के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। कलश वंदन यात्रा में शक्ति केंद्र प्रभारी विद्या वर्मा, मोहन धीगड़े, अखिलेश्वरी शुक्ला, धनी राम रजक, धन्ना धनेश्वर निषाद, भावेश साहू, प्रकाश पाल एवं महेंद्र साहू सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा में बूथ अध्यक्ष भीखम चंद वर्मा, डोमार मारकंडे,सरपंच महेंद्र कुमार वर्मा, भागवत बाजरे, हरिश्चंद देवांगन, डमरु यदु, युगेश्वर,कमलेश वर्मा एवं सूर्या साहू सहित मंडल के बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारी, पंच-सरपंच तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. दौलत राम पाल ने कहा कि गुरु रविदास महाराज जी का जीवन और उनके विचार सामाजिक समानता, भाईचारे और मानवता की प्रेरणा देते हैं। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का संदेश हमें बताता है कि सच्ची पवित्रता हमारे मन और कर्मों में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को मजबूत करना ही गुरु रविदास महाराज जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में भाईचारे का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

### भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपकुमारी का भव्य स्वागत

**रायपुर ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा दायित्व ग्रहण करने के बाद शनिवार को प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर राजधानी

रायपुर में भव्य स्वागत किया गया। विमानतल पर स्वागत के पश्चात श्रीमती चौधरी सीधे एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचीं। यहां प्रदेशभर से जुटीं महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा से आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। एकात्म परिसर में स्वागत कार्यक्रम के उपरांत श्रीमती चौधरी भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचीं। जहां उन्होंने स्मृति मंदिर में पार्टी के पितृपुरुषों एवं प्रेरणास्त्रोत महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लिया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## खेत में बियासी और कोड़ाई शुरू ...

**भरूवाडीह।** धान का कटोरा के नाम से सुविख्यात हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश मूलतः कृषि–संस्कृति और लोक–परंपराओं की अमूल्य धरोहर है। यहां के किसानों का पूरा जीवन चक्र सावन–भादो की खेती–किसानी से लेकर दीपावली–गोवर्धन पूजा के उत्सवों तक धरती माता और अन्नपूर्णा की सेवा में ही समर्पित रहता है।बियासी अर्थात उगे हुए धान के पौधे में पुनः हल चलाकर जड़ को पोला करते हैं जिससे पौधे बढ़ते हैं फिर कंसा के बाद दशहरा के समय फसल में दुध के साथ मां अन्नपुर्णा के रूप में बालियॉ निकलकर दीपावली के समय धान की फसल तैयार होती है तब किसान मॉ धनवंतरी के आगमन पर सपरिवार दीपक जलाकर खुशियों से धनतेरस, चौदस और दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज का त्यौहार मनाते हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,घोपता
26 सितम्बर,10 अक्टूबर,
22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# भाटापारा में अखंड राम नाम सप्ताह प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

श्री अखण्डरामनाम सप्ताह का 88 वां समारोह 29 अगस्त से प्रारंभ हुआ जो लगातार सात दिनो तक रामसप्ताह मण्डप मे चलता रहेगा समारोह का समापन 5 सितंबर 7 को होगा और इसी दिन भगवान श्रीरामचन्द्र की भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसमे आसपास व दूर दराज से आयी लगभग 100भजन मण्डलियां व हजारो श्रद्धालु भक्त शोभायात्रा मे शामिल होगें यह आयोजन केवल भाटापारा में ही नहीं अपितु पूरे छत्तीसगढ़ का अनूठा आयोजन है जिसकी लोग साल भर प्रतीक्षा करते है, वहीं शोभायात्रा नगर भ्रमण के दौरान गोविंद चौक से सती मंदिर मार्ग में विभिन्न राजनीतिक दलो, सामाजिक संस्था व धार्मिक संस्था के द्वारा पंडाल लगाकर भजन मण्डलियों व शोभायात्रा का स्वागत करतें है।

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371



### 12 भजन मंडलियां कर रहीं संकीर्तन

सात दिनो तक तक चलने वाली अखंड राम नाम सप्ताह में प्रतिदिन शहर की 12 भजन मंडलियां दो -दो घंटे जय रघुपति राघव राजा राम जय पतित पावन सीताराम का संकीर्तन करते हैं जो लगातार सात दिनों तक चलता है। वहीं भगवान श्रीराम के दरबार की आकर्षक झांकी सजायी गई है जिसका दर्शन करने श्रद्धालु भक्त मण्डप मे पहुंच रहे हैं। शोभायात्रा के दिन भाटापारा में अनेक स्थानों पर नगर के धार्मिक संस्थाओं के द्वारा निशुल्क व नाममात्र दरो में जलपान व भोजन की व्यवस्था नगर की धार्मिक व समाज सेवी संस्थाओं के द्वारा किया जाता है। वहीं रामसप्ताह समिति के संयोजक अनिल चांडक व उनके सहयोगियों द्वारा इस आयोजन की पूरी व्यवस्था में जुटे हुए हैं। इस आयोजन की शुरुआत 88 वर्ष पूर्व जब क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण अकाल की छाया मडंरा रही थी तब इसी स्थान में अयोध्या से संत विष्णु शंकर महाराज जी का आगमन भाटापारा में हुआ और उनके मार्गदर्शन में रामनाम का जाप प्रारंभ हुआ और रामनाम के जाप के बाद क्षेत्र में जमकर बारिश हुई और अकाल का साया टल गया तब से यह आयोजन नगर की परंपरा और श्रद्धा पूर्वक मनाया जाने लगा।

श्री बालाजी कैंसर हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का छत्तीसगढ़ का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल

20+ वर्षों के अनुभवी मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट
Dr. SATYANKER GUPTA
M.D. Medicine, DNB Medical Oncology
Former Consultant, SMVD Narayana Hospital & AOI, Jammu
उपलब्ध सुविधाएं
Chemotherapy • Immunotherapy • Targeted Therapy • Hormonal Therapy • Precision & Personalized Cancer Treatment • Supportive & Palliative Care • Management of Treatment-Related Side Effects • Multidisciplinary Cancer Care
आयुष्मान से रेडिएशन, कैंसर सर्जरी व कीमोथेरेपी की सुविधा
मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़
फोन : 9399729216, 8305983939, 0771-4241000/01/02